# FORM No. III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

### अदालत सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, मुकाम दीगोद

मंगलाल ............ बनाम ............ सरकार

............ नं. 64 ............ सन् 2024

मुकदमा ............ इजराय

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 15/5/24 | इजराय प्रार्थना पत्र प्रार्थी मंगलाल की ओर से श्री अनिल खण्डेलवाल एड० द्वारा प्रस्तुत किया गया। इजराय रिपोर्ट सरिश्ता का अवलोकन किया गया। इजराय प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर पारित निर्णय की पालना हेतु TDR दीगोद को पत्र जारी हो। मिसल वास्ते पालना रिपोर्ट इंतजार दिनांक 4-6-24 को पेश हो। (हस्ताक्षर) | |
| 4/6/24 | पत्रावली पेश हुई, वकील वादी / प्रतिवादी उपस्थित। पीठासीन अधिकारी के राजकार्य में व्यस्त होने से प्रकरण में सुनवाई नहीं हो सकी। पत्रावली पूर्ववत दिनांक 31/07/25 को पेश हो। | |
| 31/7/25 | पत्रावली पेश हुई। वकील पक्षकार उप०। इजराय पालना प्राप्त हुई। जो शामिल फाईल की जाती है। पत्रावली में अब कोई कार्यवाही शेष नहीं होने से संख्या से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। (हस्ताक्षर) | |

न्यायालय सहायक कलक्टर दीगोद जिला कोटा राज0

| मि0नं0 | दर्ज दिनांक | तारीख फैसला |
|---|---|---|
| 156 / 23 | 03.01.2024 | 22.02.2024 |

पीठासीन अधिकारी –विजेन्द्र कुमार मीणा(आर.ए.एस.)

उनवान

1– भैरूलाल आत्मज प्रभूलाल जाति नाथ निवासी ग्राम मोरपा तहसील दीगोद जिला कोटा राज0

(वादी)

बनाम

1– राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार दीगोद जिला कोटा

(प्रतिवादी)

वादी की ओर से:– श्री अनिल खण्डेलवाल एड0

प्रतिवादी की ओर से–तहसीलदार दीगोद

**वाद अन्तर्गत धारा 88–89 आर.टी.एक्ट बाबत नाम दुरूस्ती**

निर्णय

वादी ने उपरोक्त शीर्षक का वाद पत्र निम्न रूपेण पेश किया है:–

संक्षिप्त मे में प्रकरण इस प्रकार है कि :–

1– यह कि ग्राम मोरपा तहसील दीगोद में वादी व अन्य सहखातेदारान के शामलाती खाते खाता नं0 209 नया, पुराना 198 पर खसरा नम्बर 310 की 1.53 हेक्टर भूमि दर्ज चली आ रही है। जिसमें वादी का 1/2 हिस्सा दर्ज है। नकल जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 सलग्न है।

2– यह कि वादी का नाम भेरूलाल आत्मज प्रभु है , वादी के पहचान पत्र , राशन कार्ड, आधार कार्ड, में वादी का नाम भेरूलाल आत्मज प्रभु ही अंकित है किन्तु उक्त जमाबन्दी में वादी का नाम भेरूनाथ आत्मज प्रभु अंकित हो गया है जो गलत है। इस कारण वादी को ऋण व खाद बीज आदि व सरकारी योजना का लाभ लेने में परेशानी आ रही है इस कारण राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम भेरूनाथ आत्मज प्रभू के स्थान पर भेरूलाल आत्मज प्रभु अंकित किया जाना आवश्यक है।

3– यह कि उपरोक्त कारण से ग्राम मोरपा के राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम भेरूनाथ के स्थान पर भेरूलाल दर्ज किया जाकर रिकार्ड दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में वादी ने प्रतिवादी से कई मर्तबा निवेदन किया तथा अन्त में दिनांक 13.12.2023 को निवेदन करने पर उन्होने कोई ध्यान नही दिया ओर मना कर दिया। जिस कारण यह वाद पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हो गया है।

4– यह कि वाद कारण प्रतिवादी ने उपरोक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम गलत दर्ज कर दिये जाने के कारण व दिनांक 19.12.2023 को वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त करने से इन्कार करने पर पैदा हुआ।

5– यह कि प्रतिवादी राजस्थान सरकार भूमि की लेण्ड होल्डर होने से उसे वाद में बहैसियत प्रतिवादी पक्षकार बनाया गया है।

अतः वाद पत्र पेश कर निवेदन है कि वादी के पक्ष में तथा प्रतिवादी के खिलाफ निम्न आशय की आज्ञा व डिक्री पारित की जावे:–

फोटो प्रति प्रमाणित

सहायक कलक्टर

दीगोद जिला कोटा (राज.)

1— कि ग्राम मोरपा तहसील दीगोद जिला कोटा की खसरा नम्बर 310 की 1.53 हेक्टर भूमि में वादी का नाम भेरूनाथ के स्थान पर भेरूलाल दर्ज किये जाने व राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती किये जाने की आज्ञा व डिक्री पारित की जावे।

वादी की ओर से निम्न दस्तावेज प्रस्तुत किये गये:—

1— नकल जमाबन्दी ग्राम मोरपा सम्वत 2075—2078

2— फोटो प्रति आधार कार्ड

3— फोटो प्रति राशन कार्ड

4— फोटो प्रति पहचान पत्र

वाद पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी की तलबी विधिवत करवायी गई। प्रतिवादी तहसीलदार की ओर से जवाब सरकार प्रस्तुत किया गया जो शामिल मिसल किया गया। तहसीलद दीगोद में अपने जवाब में वादी का नाम पटवारी हल्का मोरपा की रिपोर्ट अनुसार भेरूनाथ पुत्र प्रभु व भेरूलाल पुत्र प्रभु दोनों एक ही व्यक्ति के नाम होना प्रमाणित किया है।

वादी अधिवक्ता की बहस सुनी गयी। प्रकरण में जवाब सरकार एवं पत्रावली में उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों का गहन अध्ययन अवलोकन किया गया। वादी का वाद पत्र स्वीकार होने योग्य है।

अतः वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाता है कि कि ग्राम मोरपा तहसील दीगोद जिला कोटा की खसरा नम्बर 310 की 1.53 हेक्टर भूमि में खातेदार का नाम भेरूनाथ पुत्र प्रभु के स्थान पर भेरूलाल पुत्र प्रभु दर्ज किये जाने व राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते है। तदनुसार डिक्री जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 22.02.2024 को सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
दीगोद

फोटो प्रति प्रमाणित

सहायक कलक्टर
दीगोद, जिला कोटा (राज.)

डिक्री मुकदमा

(आ0 20 रूल 6—7 जाब्ता दीवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर दीगोद जिला कोटा राज0

पीठासीन अधिकारी —विजेन्द्र कुमार मीणा(आर.ए.एस.)

उनवान

1— भैरूलाल आत्मज प्रभूलाल जाति नाथ निवासी ग्राम मोरपा तहसील दीगोद जिला कोटा राज0

(वादी)

बनाम

1— राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार दीगोद जिला कोटा

(प्रतिवादी)

वादी की ओर से — श्री अनिल खण्डेलवाल एड0

प्रतिवादी की ओर से—तहसीलदार दीगोद

वाद अन्तर्गत धारा 88—89 आर.टी.एक्ट बाबत नाम दुरूस्ती

मिसल नम्बर — 156 / 23

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रू—ब—रू **बहाजिरी वादी** व मिनजानिब मुददई पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि :— वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाता है कि कि ग्राम मोरपा तहसील दीगोद जिला कोटा की खसरा नम्बर 310 की 1.53 हेक्टर भूमि में खातेदार का नाम भेरूनाथ पुत्र प्रभु के स्थान पर भेरूलाल पुत्र प्रभु दर्ज किये जाने व राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते है। तद्नुसार डिक्री जारी की जाती है।

मेरे दस्तख्त व मोहर अदालत से आज दिनांक 22.02.2024 को जारी किया गया।

| मिलान स्टाम्प अर्जी दावा | | | स्टाम्प अर्जी दावा | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुदई | रूपये | पैसे | मुदालयह | रूपये | पैसे |
| स्टाम्प वकालतनामा | 0 | 0 | स्टाम्प अर्जी | 0 | 0 |
| स्टाम्प वजूह सबूत | 0 | 0 | स्टाम्प अर्जी | 0 | 0 |
| महन्ताना वकील | 0 | 0 | महन्ताना वकील | 0 | 0 |
| खर्चा गवाहान | 0 | 0 | खर्चा गवाहान | 0 | 0 |
| बबत इजराय हुक्मनामा | 0 | 0 | बबत इजराय हुक्मनामा | 0 | 0 |
| मुत0 | 0 | 0 | मुत0 | 0 | 0 |
| मिलान | 0 | 0 | मिलान | 0 | 0 |

सहायक कलक्टर
दीगोद

फोटो प्रति प्रमाणित

सहायक कलक्टर
दीगोद, जिला कोटा (राज.)